अध्याय– 2

# स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका

इकाई– 2

राज्य सरकार

State Government

# NCERT Based

## CLASS - VIIth

## (Polity)



KHAN GLOBAL STUDIES


Most Trusted Learning Platform

KHAN SIR

By : Karan Sir

# राज्य सरकारें

# State Govt.



# इकाई - 2, अध्याय- 2

# स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका

# Role of Govt. in Health






# स्वास्थ्य में सरकार की भूमिका

लोकतंत्र में लोगों की यह अपेक्षा रहती है कि सरकार उनके कल्याण के लिए कार्य करे। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार प्रदान करने एवं गृह निर्माण, सड़कों के विकास तथा बिजली आदि उपलब्ध कराने के माध्यम से हो सकता है। इस अध्याय में हम स्वास्थ्य के अर्थ और उससे संबंधित समस्याओं को जाँचेंगे। इस अध्याय के उपशीर्षकों को देखिए। आपके विचार में यह विषय सरकार के काम से किस प्रकार जुड़ा हुआ है?

# Role of the Government in Health

In a democracy people expect the government to work for their welfare. This could be through the provision of education, health, employment, housing or the development of roads, electricity etc. In this chapter we shall examine the meanings and problems related to health. Look at the sub-headings of this chapter. In what ways do you think this topic is related to the work of government?



## स्वास्थ्य क्या है? Health

स्वास्थ्य के बारे में हम अनेक प्रकार से सोच सकते हैं। स्वास्थ्य का अर्थ है, हमारा बीमारियों और चोट आदि से मुक्त रहना। लेकिन स्वास्थ्य केवल बीमारियों से संबंधित नहीं है। आपने उपर्युक्त कोलाज में से केवल कुछ स्थितियों को ही स्वास्थ्य से जोड़कर देखा होगा। प्रायः हम ध्यान नहीं देते हैं कि उपर्युक्त हर स्थिति का संबंध स्वास्थ्य से है। बीमारी के अलावा हमारे लिए उन कारणों पर भी विचार करना आवश्यक है, जो हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालते हैं। उदाहरण के लिए-यदि लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी और प्रदूषण-मुक्त वातावरण मिले, तो वे सामान्यतया स्वस्थ रहेंगे। दूसरी ओर, यदि लोगों को भरपेट भोजन न मिले अथवा उन्हें घुटनभरी अवस्था में रहना पड़े, तो उनके बीमार पड़ने की संभावना अधिक है।

## What is health?

We can think of health in many ways. Health means our ability to remain free of illness and injuries. But health isn't only about disease. You may have associated only some of the situations in the above collage with health. What we often ignore is the fact that each of the above situations is related to health. Apart from disease, we need to think of other factors that affect our health. For example, if people get clean drinking water or a pollution free environment they are likely to be healthy. On the other hand, if people do not get adequate food to eat or have to live in cramped conditions, they will be prone to illness.

हम सब चाहते हैं कि हम जो भी कार्य करें चुस्ती से और ऊँचे मनोबल के साथ करें। सुस्त और अकर्मण्य रहना, चिंताग्रस्त होना और लंबे समय तक डरे-सहमे रहना स्वस्थ जीवन के लक्षण नहीं हैं। हम सबको तनावमुक्त और प्रसन्न रहना चाहिए। हमारे जीवन के ये सभी पहलू स्वास्थ्य के हिस्से हैं।

All of us would like to be active and in good spirits in whatever we may be doing. It isn't healthy to be dull, inactive, anxious or scared for long stretches of time. We all need to be without mental strain. All of these various aspects of our lives are a part of health.

Physical - शारीरिक

Mental ⇒ stress, Anxiety

Social (सामाजिक)

Economical - आर्थिक

क्या आप इन सभी चित्रों या इनमें से कुछ को स्वास्थ्य से संबंधित समझते हैं? यदि हाँ, तो किस प्रकार? समूह में चर्चा करें।

Would you associate all or some of these pictures with 'health' ? In what ways? Discuss in groups.

ऊपर दिए गए कोलाज से दो स्थितियाँ छाँटिए, जो बीमारी से संबंधित नहीं हैं। वे कैसे स्वास्थ्य से संबंधित हो सकती हैं, इस पर दो वाक्य लिखिए।

Pick two situations from the above collage that are not related to illness and write two sentences on how they are related to health.

## भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ

आइए, भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के कुछ पहलुओं का परीक्षण करें। यहाँ दी गई तालिका के प्रथम तथा द्वितीय स्तंभों में दिखाई गई स्थितियों की तुलना कीजिए।

## Healthcare in India

Let us examine some of the aspects of healthcare in India. Compare and contrast the situation expressed in the first and second columns.

## तंभों को कोई शीर्षक

## title to these

| | |
|---|---|
| संसार भर में भारत में सर्वाधिक चिकित्सा महाविद्यालय हैं और यहाँ सबसे अधिक डॉक्टर तैयार किए जाते हैं। लगभग हर वर्ष 15,000 नए डॉक्टर योग्यता प्राप्त करते हैं। | भारत के अधिकांश डॉक्टर शहरी क्षेत्रों में बसते हैं। ग्रामवासियों को डॉक्टर तक पहुँचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या काफी कम है। |
| पिछले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा में काफ़ी वृद्धि हुई है। सन् 1950 में भारत में केवल 2,717 अस्पताल थे। सन् 1991 में 11,174 अस्पताल थे और सन् 2000 में यह संख्या बढ़कर 18,218 हो गई। | भारत में करीब पाँच लाख लोग प्रतिवर्ष तपेदिक (टी.बी.) से मर जाते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से अब तक इस संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हर वर्ष मलेरिया के लगभग बीस लाख मामलों की रिपोर्ट प्राप्त होती है। यह संख्या कम नहीं हो रही है। |
| भारत में विदेशों से बहुत बड़ी संख्या में इलाज कराने हेतु **चिकित्सा पर्यटक** आते हैं। वे उपचार के लिए भारत के कुछ ऐसे अस्पतालों में आते हैं, जिनकी तुलना संसार के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों से की जा सकती है। | हम सबको पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। **संचारणीय बीमारियाँ** पानी के द्वारा एक से दूसरे को लगती हैं। इन बीमारियों में से 21% जलजनित होती हैं। जैसे-हैज़ा, पेट के कीड़े और हैपेटाइटिस |
| भारत विश्व का दवाइयाँ निर्मित करने वाला तीसरा बड़ा देश है और यहाँ से भारी मात्रा में दवाइयों का निर्यात होता है। | भारत के समस्त बच्चों में से आधों को खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिलता है और वे अल्प-पोषण के शिकार रहते हैं। |

| | |
|---|---|
| India has the largest number of medical colleges in the world and is among the largest producers of doctors. Approximately15,000 new doctors qualify every year. | Most doctors settle in urban areas. People in rural areas have to travel long distances to reach a doctor. The number of doctors with respect to the population is much less in rural areas. |
| Healthcare facilities have grown substantially over the years. In 1950, there were only 2,717 hospitals in India. In 1991, there were 11,174 hospitals. In 2000, the number grew to 18,218. | About five lakh people die from tuberculosis every year. This number is almost unchanged since Independence! Almost two million cases of malaria are reported every year and this number isn't decreasing. |
| India gets a large number of **medical tourists** from many countries. They come for treatment in some of the hospitals in India that compare with the best in the world. | We are not able to provide clean drinking water to all. 21per cent of all **communicable diseases** are water borne. For example, diarrhoea, worms, hepatitis, etc. |
| India is the fourth largest producer of medicines in the world and is also a large exporter of medicines. | Half of all children in India do not get adequate food to eat and are undernourished. |

भारत में प्रायः यह कहा जाता है कि हम सबको स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में असमर्थ हैं, क्योंकि सरकार के पास इसके लिए पर्याप्त धन और सुविधाएँ नहीं हैं। ऊपर दिए गए बाएँ हाथ के स्तंभ को पढ़ने के बाद क्या आप इसे सही मानते हैं? चर्चा कीजिए।

In India, it is often said that we are unable to provide health services for all because the government does not have enough money and facilities. After reading the above left hand column, do you think this is true? Discuss.

बीमारियों से बचाव और उनके उपचार के लिए हमें उचित स्वास्थ्य सेवाएँ चाहिए, जैसे स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, परीक्षणों के लिए प्रयोगशालाएँ, एंबुलेंस की सुविधा, ब्लडबैंक आदि, जो मरीज़ों को आवश्यक सेवा और देखभाल उपलब्ध करा सकें। ऐसी सुविधाओं की व्यवस्था को चलाने के लिए हमें स्वास्थ्य सेवकों, नर्सों, योग्य डॉक्टरों तथा अन्य विशेषज्ञों की ज़रूरत है, जो परामर्श दे सकें, रोग की पहचान कर सकें और इलाज कर सकें। मरीज़ों के इलाज के लिए हमें आवश्यक दवाइयाँ व उपकरण भी चाहिए। जब हम बीमार होते हैं, तो अपने इलाज के लिए हमें इन सुविधाओं की ज़रूरत पड़ती है।

In order to prevent and treat illnesses we need appropriate healthcare facilities such as health centres, hospitals, laboratories for testing, ambulance services, blood banks, etc., that can provide the required care and services that patients need. In order to run such facilities we need health workers, nurses, qualified doctors and other health professionals who can advice, diagnose and treat illnesses. We also need the medicines and equipment that are necessary for treating patients. These facilities are required to take care of us.

भारत में बड़ी संख्या में डॉक्टर, दवाखाने और अस्पताल हैं। देश में **सार्वजनिक** स्वास्थ्य सेवाओं को चलाने का पर्याप्त अनुभव और ज्ञान भी उपलब्ध है। ये ऐसे चिकित्सालय और स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिन्हें सरकार चलाती है। सरकार अपनी जनसंख्या के एक बड़े भाग की देखभाल करने में समर्थ है, जो सैकडों और हजारों गाँवों में फैली हुई है। इस विषय पर हम बाद में अधिक विस्तार से चर्चा करेंगे। साथ ही चिकित्सा विज्ञान में बहुत असाधारण प्रगति हुई है, जिसके चलते देश में इलाज की नई तकनीकें और विधियाँ उपलब्ध हैं।

India has a large number of doctors, clinics and hospitals. The country also has considerable experience and knowledge in running a **public** healthcare system. This is a system of hospitals and health centres run by the government. It has the ability to look after the health of a large section of its population scattered over hundreds of thousands of villages. We will go into more detail on this later. Moreover, there has been a phenomenal advancement in medical sciences whereby many new technologies and treatment procedures are available in the country.

(1) Language Tr.

भाषा

मनोविज्ञान

फिर भी दूसरा स्तंभ दिखाता है कि हमारे देश में स्वास्थ्य की स्थिति कितनी खराब है। उपर्युक्त सकारात्मक विकास के बाद भी हम जनता को उचित स्वास्थ्य सेवाएँ देने में असमर्थ हैं। यह विरोधाभासजनक स्थिति है, जो हमारी अपेक्षाओं के विपरीत है। हमारे देश के पास पैसा है, ज्ञान है और अनुभवी व्यक्ति हैं, फिर भी हम सबको आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ देने में असमर्थ हैं। हम इस अध्याय में इसके कुछ कारणों को जानेंगे।

However, the second column points out how poor the health situation in our country is. With all the above positive developments we are not able to provide proper healthcare facilities to people. This is the paradox – something that is contrary to what we would expect. Our country has the money, knowledge and people with experience but cannot make the necessary healthcare available to all. In this chapter, we will look at some of the reasons for this.




*Patients usually have to wait in long queues in government hospitals, like this one.*




सरकारी अस्पतालों के मरीजों को अकसर ऐसी लंबी लाइनों में खड़े होकर इंतज़ार करना पड़ता है।

## हाकिम शेख की कहानी

हाकिम शेख, पश्चिम बंग खेत मज़दूर समिति (पी.बी.के.एम.एस.) के एक सदस्य थे, जो पश्चिमी बंगाल में खेतिहर मज़दूरों का एक संगठन है। 1992 में एक शाम वे चलती ट्रेन से गिर गए और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। उनकी हालत बहुत नाजुक थी और उन्हें तुरंत इलाज की आवश्यकता थी।

उन्हें कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें भर्ती करने से मना कर दिया गया, क्योंकि वहाँ कोई बिस्तर खाली नहीं था। दूसरे अस्पताल में आवश्यक सुविधाएँ या उनके इलाज के लिए ज़रूरी विशेषज्ञ नहीं थे। इस प्रकार अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें चौदह घंटे के अंदर आठ सरकारी अस्पतालों में ले जाया गया, किंतु किसी ने भी उन्हें भर्ती नहीं किया।

अंत में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उनका इलाज किया गया। उन्होंने अपने इलाज पर बहुत पैसा खर्च किया। जिन अस्पतालों ने उन्हें भर्ती करने से इंकार कर दिया था, उनके उपेक्षापूर्ण रवैये से नाराज़ और क्षुब्ध होकर, हाकिम शेख एवं पी.बी.के.एम.एस. ने कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया।

ऊपर दी गई कहानी को पढ़िए। कल्पना कीजिए कि आप एक न्यायाधीश हैं। आप हाकिम शेख को क्या कहेंगे?

### The story of Hakim Seikh

Hakim Seikh was a member of the Paschim Banga Khet Mazdoor Samity (PBKMS), an organisation of agricultural labourers in West Bengal. One evening in 1992, he accidentally fell off a running train and suffered head injuries. He was in a very serious condition and needed immediate treatment.

He was taken to a government hospital in Kolkata but they refused to admit him because they did not have a spare bed. Another hospital did not have the facility or the specialised doctors necessary for his treatment. In this way he spent 14 hours in a critical state and was taken to eight different government hospitals, but none of them admitted him.

Finally, he was admitted in a private hospital, where he received treatment. He spent a lot of money on his treatment. Angry and upset over the indifferent attitude of all the hospitals that refused to admit him, Hakim Seikh and PBKMS filed a case in the court.

**Read the story given above. Then imagine that you are a Judge in the court. What would you say to Hakim Seikh?**

## एक इलाज का खर्च

अमन और रंजन अच्छे मित्र हैं। रंजन का परिवार साधन संपन्न है; जबकि अमन के माता-पिता जैसे-तैसे गुज़ारा चलाते हैं।





## THE COST OF A CURE

Aman and Ranjan are good friends. While Ranjan comes from a well-to-do family, Aman's parents have to struggle to make ends meet...




मुझे वाइरल बुखार हो गया था और अस्पताल जाना पड़ा...
अच्छा! मुझे भी वाइरल हुआ था। मैं इसी सोमवार से स्कूल आ रहा हूँ। मेरे डैडी किंग्स्वे के नए अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने ले गए। वहाँ बहुत ही अच्छा लगा।


I had viral fever and had to go to the hospital...
Oh! Me, too! I just got back to school on Monday. My Daddy took me to see the doctor at the new hospital in Kingsway. It was very exciting!

अस्पताल की बिल्डिंग ऐसी चकाचक दिखती थी कि मुझे लगा कोई पाँच सितारा होटल है। डैडी कह रहे थे, यह एक प्राइवेट अस्पताल है और बढ़िया-से-बढ़िया सुविधाएँ यहाँ मिलती हैं।



The building looked so posh. I thought it was a five star hotel! Daddy said that was because it was a private hospital, with the best of facilities.



रिसेप्शन काउंटर पर ही डैडी को पाँच सौ रुपए देने पड़े, डॉक्टर को दिखाने से पहले ही पता है वहाँ बड़ा अच्छा संगीत बज रहा था और सब कुछ कितना साफ़-सुथरा और जगमग-जगमग था।



Daddy had to pay Rs 500 at the reception counter itself – before we even met the doctor! There was nice music playing and everything was really clean and shiny.



डॉक्टर ने मुझे बहुत-से परीक्षण करवाने को कहा.. पर वहाँ तो सब लोग दोस्तों की तरह बात कर रहे थे! एक महिला ने जाँच के लिए मेरा खून लिया, उसने बातों-बातों में खूब मज़ाक किया और मुझे दर्द का पता ही नहीं चला!





The doctor asked for many tests...but everyone was so friendly! The lady who took my blood for testing told me so many jokes that I forgot to feel the pain!




जब सारे परीक्षणों के नतीज़े आ गए, तो हम वापिस डॉक्टर के पास गए। उन्होंने नतीजों को देखा और कहा कि सब कुछ ठीक-ठाक है, मुझे सिर्फ़ वाइरल हुआ है। उन्होंने कुछ दवाइयाँ लिख दीं और आराम करने को कहा।






After the test results came, we went back to the doctor. He looked through them and said everything was fine, and I only had viral fever. He prescribed some medicines and rest.




तुम्हें यह सारी बातें बताने के लिए मैं कब से इंतज़ार कर रहा हूँ! अच्छा! अपनी तो कहो, तुम किस अस्पताल में गए?
हूँ... वह तुम्हारे वाले अस्पताल जितना अच्छा तो नहीं था! पहले तो अब्बा मुझे ले ही नहीं जाना चाहते थे, क्योंकि इसमें समय बहुत लगने वाला था।...


You see, I've been dying to tell you all about it! But what about you? Which hospital did you go to?
Um...it wasn't as nice as your's at all! At first, Abba didn't want to take me because he said it would take too much time...


और सच में कितना ज्यादा समय लगा! हम एक बड़े-से सरकारी अस्पताल में गए। हमें ओ पी डी काउंटर पर ही एक लंबी लाइन में इंतजार करना पड़ा। मेरी तबीयत इतनी खराब हो रही थी कि मैं पूरे समय अब्बा के सहारे टिका रहा।
4


...and it really did! We went to a big Government Hospital. We had to wait in a long queue at the OPD counter. I was feeling so sick that I had to lean on Abba all the time!
4

जब हमारी बारी आई तो डॉक्टर ने मेरी जाँच की और खून की जाँच कराने के लिए कहा। इसके लिए हमें एक और लंबी लाइन में खड़े होना पड़ा। जहाँ जाँच के लिए खून लिया जा रहा था, वहाँ भी बहुत भीड़-भड़क्का हो रहा था।




When our turn came, the doctor examined me, and asked for a blood test. Then we had to go and stand another long queue! People were crowding around i the testing room too.





हमें तीन दिन बाद खून की जाँच का नतीजा मिला... फिर हम वापिस अस्पताल गए। उस दिन वहाँ कोई दूसरी डॉक्टर बैठी थी।





We got the test results after three days...and went back to the hospital. There was a different doctor that day.




इसे वाइरल हुआ लगता है... कोई फिक्र की बात नहीं है बुखार उतारने की यह गोली इसे देनी है- बस और कुछ नहीं।


He seems to be suffering from a bout of viral fever – nothing to worry about. All he needs is this one fever-reducing medicine.


मेरा अस्पताल था तो बहुत बढ़िया, पर उन्होंने मुझे ज्यादा दवाइयाँ दे दीं और मेरे इलाज में ज्यादा खर्च हो गए!
अच्छा! मेरे इलाज में तो ज्यादा खर्च नहीं हुए!


My hospital was nice, but they gave me many medicines and the whole thing cost quite a lot!
Oh! My treatment did not cost much!

जब आप बीमार होते हैं, तो कहाँ जाते हैं? क्या आपको किन्हीं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? अपने अनुभवों के आधार पर एक अनुच्छेद लिखिए।

Where do you go when you are ill? Are there any problems that you face? Write a paragraph based on your experience.

सरकारी अस्पताल में अमन को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? आपके विचार से अस्पताल कैसे बेहतर ढंग से काम कर सकता है? चर्चा कीजिए।

What problems did Aman face in the government hospital? How do you think the hospital can work in a better manner? Discuss.

रंजन को इतना अधिक पैसा क्यों खर्च करना पड़ा? कारण बताइए।

Why did Ranjan have to spend so much money? Give reasons.


निजी चिकित्सालयों में हमें किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है? चर्चा कीजिए।

What problems do we face in private hospitals? Discuss.

Govt

सोचो

Private



## सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवाएँ

उपर्युक्त कहानी से आप समझ गए होंगे कि हम स्वास्थ्य सेवाओं को दो मोटे वर्गों में बाँट सकते हैं–

(अ) सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ

(ब) निजी स्वास्थ्य सेवाएँ

## Public and private health care services

From the above story, you must have understood that we can roughly divide up various health care facilities in two categories –

(a) Public health services and

(b) **Private** health facilities.

## सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएँ


सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों की एक शृंखला है, जो सरकार द्वारा चलाई जाती है। ये केंद्र व अस्पताल आपस में जुड़े हुए हैं, जिससे ये शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को सुविधाएँ प्रदान करते हैं और सभी बीमारियों (साधारण से लेकर विशेष देखभाल की ज़रूरत वाली बीमारियों) का इलाज प्रदान करते हैं। ग्राम के स्तर पर एक स्वास्थ्य केंद्र होता है, जहाँ प्राय: एक नर्स और एक ग्राम स्वास्थ्य सेवक रहता है। इन्हें सामान्य बीमारियों के


## Public health services

The public health service is a chain of health centres and hospitals run by the government. They are linked together so that they cover both rural and urban areas and can also provide treatment to all kinds of problems – from common illnesses to special services. At the village level there are health centres where there is usually a nurse and a village health worker. They are trained in dealing with common

इलाज के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है और वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की देखरेख में कार्य करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसा केंद्र कई गाँवों की ज़रूरतों को पूरा करता है। जिला स्तर पर जिला अस्पताल होता है, जो इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों की देखरेख करता है। बड़े शहरों में कई सरकारी अस्पताल होते हैं; जैसे एक वह था जिसमें अमन को ले जाया गया था और ऐसे भी विशिष्ट सरकारी अस्पताल हैं, जिनका ज़िक्र हाकिम शेख की कहानी में हुआ था।


illnesses and work under the supervision of doctors at the Primary Health Centre (PHC). Such a centre covers many villages in a rural area. At the district level is the District Hospital that also supervises all the health centres. Large cities have many government hospitals such as the one where Aman was taken and also specialised government hospitals such as the ones in Hakim Seikh's story.



इस स्वास्थ्य सेवा को कई कारणों से 'सार्वजनिक' कहा जाता है। सरकार ने सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की वचनबद्धता को पूरा करने के लिए ये अस्पताल तथा स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए हैं। इन सेवाओं को चलाने के लिए धन उस पैसे से आता है जो लोग सरकार को टैक्स के रूप में देते हैं। इसलिए ये सुविधाएँ सबके लिए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि इसका उद्देश्य अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क या बहुत कम कीमत पर देना है, जिससे गरीब लोग भी इलाज करा सकें। स्वास्थ्य सेवाओं का अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य है बीमारियों जैसे टी.बी., मलेरिया, पीलिया, दस्त लगना, हैज़ा, चिकनगुनिया, आदि को फैलने से रोकना। इसकी व्यवस्था सरकार को लोगों के सहयोग से करनी होती है अन्यथा यह

The health service is called 'public' for many reasons. In order to fulfil its commitment of providing health care to all citizens, the government has established these hospitals and health centres. Also, the resources needed to run these services are obtained from the money that we, the public, pay to the government as taxes. Hence, such facilities are meant for everyone. One of the most important aspects of the public health system is that it is meant to provide quality health care services either free or at a low cost, so that even the poor can seek treatment. Another important function of public health is to take action to prevent the spread of diseases such as TB, malaria, jaundice, cholera,


Hospital
Tax

**हमें सरकार को कर क्यों देना चाहिए?**

सरकार कर से प्राप्त धन का उपयोग विभिन्न प्रकार की सार्वजनिक सेवाओं को मुहैया करवाने में खर्च करती है, जिससे सभी नागरिकों को फ़ायदा होता है।

प्रतिरक्षा, पुलिस, न्यायिक व्यवस्था, राजमार्ग इत्यादि कुछ सेवाओं से सभी नागरिकों को लाभ होता है। अन्यथा, इन सेवाओं की व्यवस्था स्वयं नागरिक नहीं कर सकते।

करों से ही कुछ विकासात्मक कार्यक्रम एवं सेवाएँ उपलब्ध होती है जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, सामाजिक कल्याण, व्यवसायिक प्रशिक्षण इत्यादि, जिनसे ज़रूरतमंद नागरिकों को लाभ मिलते हैं। करों से प्राप्त धन का उपयोग कुछ प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकम्प, सुनामी आदि मामलों में राहत एवं पुर्नवास के लिए भी किया जाता है। अन्तरिक्ष, परमाणु एवं प्रक्षेपास्त्रों से संबंधित कार्यक्रमों को भी करों के द्वारा प्राप्त राजस्व से ही चलाया जाता है।

सरकार खासतौर से गरीबों को कुछ सेवाएँ प्रदान करती है, जो वे बाज़ार से नहीं खरीद पाते। इसका एक उदाहरण स्वास्थ्य संबंधी सेवा है। क्या आप ऐसे अन्य उदाहरण दे सकते हैं?

**Why pay taxes to the government?**

Government uses tax money for providing many public services for the benefit of all citizens. Some services such as defence, police, judicial system, highways etc. benefit all citizens. Otherwise, the citizens cannot organise these services for themselves.

Taxes fund developmental programmes and services such as education, health care, employment, social welfare, vocational training etc. required for needy citizens. Tax money is utilised for relief and rehabilitation in case of natural disasters such as floods, earthquakes, tsunami etc. Space, nuclear, and missile programmes are also funded from the revenues collected as taxes.

Government provides some services especially for the poor who cannot afford to purchase them from the market. One example is health care. Can you give other examples?

असफल हो जाएगी। उदाहरण के लिए–मच्छरों को पैदा होने से रोकने के अभियान को सफ़ल बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि क्षेत्र के सभी लोग अपने कूलरों व घर की छतों आदि पर पानी एकत्र न होने दें।

हाकिम शेख के प्रकरण को पुनः याद करिए। क्या आप जानना चाहेंगे कि उनके मामले में कोर्ट ने क्या निर्णय दिया?

हमारे संविधान के अनुसार लोगों के हित को सुनिश्चित करना और सबको स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना सरकार का प्राथमिक कर्त्तव्य है।

diarrhoea, chikungunya, etc. This has to be organised by the government with the participation of people otherwise it is not effective. For example, when taking up a campaign to see that mosquitoes do not breed in water coolers, rooftops, etc., this has to be done for all houses in the area.

Recall the case of Hakim Seikh. Would you like to know what the court said in this case?

According to our Constitution, it is the primary duty of the government to ensure the welfare of the people and provide health care facilities to all.

सरकार को हर व्यक्ति के जीवन के अधिकार की रक्षा करनी है। अदालत ने कहा कि हाकिम शेख को जिन कठिनाइयों से गुज़रना पड़ा, उसमें उनकी जान भी जा सकती थी। यदि कोई अस्पताल समय पर व्यक्ति को इलाज नहीं प्रदान कर पाता है, तो इसका तात्पर्य है कि उसे जीवन की सुरक्षा नहीं दी जा रही है।

The government must safeguard the Right to Life of every person. The Court said that the difficulty that Hakim Seikh had to face could have cost him his life. If a hospital cannot provide timely medical treatment to a person, it means that this protection of life is not being given.

अदालत ने यह भी कहा कि यह सरकार का कर्त्तव्य है कि वह मरीज़ों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ दे, जिसमें आकस्मिक इलाज की सुविधा भी सम्मिलित हो। अस्पताल और उनके स्वास्थ्य संबंधी कर्मचारियों को आवश्यक इलाज प्रदान करने की ज़िम्मेदारी पूरी करनी चाहिए। कई सरकारी अस्पतालों ने हाकिम शेख का इलाज करने से मना कर दिया था। इसलिए अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वह हाकिम शेख द्वारा इलाज पर व्यय किए गए पूरे खर्च का भुगतान करे।

The Court also said that it was the duty of the government to provide the necessary health services, including treatment in emergency situations. Hospitals and medical staff must fulfil their duty of providing the necessary treatment. Hakim Seikh was denied treatment at various government hospitals. Therefore, the Court asked the State Government to give him the money that he had spent on his treatment.



गाँव के एक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को दवाई देती एक डॉक्टर।

*A doctor in a rural health care centre giving medicines to a patient.*



एक सरकारी अस्पताल में अपने बीमार बच्चे के साथ एक औरत। यूनिसेफ़ के अनुसार हर साल 10 लाख बच्चे ऐसे संक्रमणों से मर जाते हैं, जिन्हें रोक पाना संभव है।

*A woman and her sick child at a government hospital. According to UNICEF, more than two million children die every year in India from preventable infections.*

किन-किन अर्थों में 'सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था' सबके लिए उपलब्ध एक सेवा है?

In what ways is the public health system meant for everyone?

कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों अथवा अस्पतालों की सूची बनाइए, जो आपके घर के पास हैं। अपने अनुभव से अथवा उनमें से किसी एक में जाकर केंद्र चलाने वाले लोगों का और वहाँ दी जाने वाली सुविधाओं का पता लगाइए।

List some Primary Health Centres (PHCs) or hospitals near your place. From your experience (or by visiting any one of them), find out the facilities provided and people who run the centre.

## निजी स्वास्थ्य सेवाएँ

हमारे देश में कई तरह की निजी स्वास्थ्य सेवाएँ पाई जाती हैं। बड़ी संख्या में डॉक्टर अपने निजी दवाखाने चलाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी (आर.एम.पी.) मिल जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में डॉक्टर हैं जिनमें से बहुत-से विशेषज्ञ की सेवाएँ प्रदान करते हैं। निजी रूप से चलाए जा रहे अस्पताल व नर्सिंग होम भी हैं। काफ़ी संख्या में प्रयोगशालाएँ हैं, जो परीक्षण करती हैं व विशिष्ट सुविधाएँ उपलब्ध कराती हैं, जैसे-एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, आदि। ऐसी दुकानें भी हैं, जहाँ से हम दवाइयाँ खरीद सकते हैं।

## Private health facilities

There is a wide range of private health facilities that exist in our country. A large number of doctors run their own private clinics. In the rural areas, one finds Registered Medical Practitioners (RMPs). Urban areas have a large number of doctors, many of them providing specialised services. There are hospitals and nursing homes that are privately owned. There are many laboratories that do tests and offer special facilities such as X-ray, ultrasound, etc. There are also shops from where we buy medicines.

आपके घर के पास कौन-सी निजी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हैं? उन्हें चलाने वाले लोगों और वहाँ दी जाने वाली सुविधाओं का पता लगाइए।

Private health facilities can mean many things. Explain with the help of some examples from your area.



दिल्ली के एक प्रमुख निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद मरीज़ों की देखभाल का कमरा।

*A post-operative room in a leading private hospital in Delhi.*

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् का आयुर्विज्ञान **नैतिक** संहिता कहता है –
जहां तक संभव हो, प्रत्येक चिकित्सक को औषधों के **जेनेरिक नाम** ही उपचार पर्ची में लिखने चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह युक्तियुक्त और उपयुक्त रूप में हों।

The Medical Council of India's Code of Medical **Ethics** states: "Every physician should, as far as possible, prescribe drugs with **generic names** and he/she shall ensure that there is a rational prescription and use of drugs."

जैसा कि इनके नाम से ज्ञात होता है, निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार का स्वामित्व अथवा नियंत्रण नहीं होता। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विपरीत इन निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीज़ों को हर सेवा के लिए बहुत धन व्यय करना पड़ता है।

आज निजी स्वास्थ्य सेवाएँ चारों ओर दिखाई देती हैं। अब तो बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अस्पताल भी चलाती हैं। कुछ कंपनियाँ दवाइयों को बनाने और बेचने में भी लगी हैं। शहरों के कोने-कोने में दवाइयों की दुकानें देखी जा सकती हैं।

As the name suggests, private health facilities are not owned or controlled by the government. Unlike the public health services, in private facilities, patients have to pay a lot of money for every service that they use.

Today the presence of private facilities can be seen all around. In fact now there are large companies that run hospitals and some are engaged in manufacturing and selling medicines. Medical shops are found in every corner of the country.

Bus! 5000 ₹

## स्वास्थ्य सेवा और समानता– क्या सबके लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हैं?

हम भारत में ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहाँ निजी सेवाएँ तो बढ़ रही हैं, परंतु सार्वजनिक नहीं। ऐसी दशा में लोगों को मुख्यतः निजी सेवाएँ ही उपलब्ध हो पाती हैं। ये शहरी क्षेत्रों में केंद्रित हैं। इन सेवाओं का मूल्य भी अपेक्षाकृत अधिक रहता है। दवाइयाँ महँगी होती हैं। बहुत-से लोग उन्हें खरीदने में समर्थ नहीं होते और इसीलिए जब परिवार में बीमारी होती है, तो उन्हें ऋण लेना पड़ता है।

## Healthcare and equality: Is adequate healthcare available to all?

In India, we face a situation where private services are increasing but public services are not. What is then available to people are mainly private services. These are concentrated in urban areas. The cost of these services is rather high. Medicines are expensive. Many people cannot afford them or have to borrow money when there is an illness in the family.

कुछ निजी सेवाएँ अधिक कमाने के लिए प्राय: ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित करती हैं, जो सही नहीं हैं। कई बार सस्ते तरीके उपलब्ध होने पर भी उनके प्रयोग नहीं किये जा सकते हैं। उदाहरण के लिए प्राय: देखा जाता है कि कुछ चिकित्सक ज़रूरत से ज़्यादा दवाइयाँ, इंजेक्शन या सेलाइन आदि की सलाह देते हैं, जबकि साधारण इलाज भी पर्याप्त हो सकता है।

Some private services encourage incorrect practices to earn more. At times inexpensive alternatives, though available, may not be used. For example, some medical practitioners are found to prescribe superfluous medicines, injections or saline when simple medication may suffice.

स्वास्थ्य सेवा को और अधिक किफायती कैसे बनाया जा सकता है? इस पर चर्चा करें।

How can health care be made more affordable? Discuss.



तथ्य यह है कि जनसंख्या के बीस प्रतिशत लोग ही बीमारी के दौरान आवश्यक दवाइयों को खरीदने में सक्षम होते हैं ये लोग भी जिन्हें हम गरीब नहीं समझते, दवा संबंधी खर्चों को उठाने में कठिनाई का अनुभव करते हैं। एक अध्ययन में यह पाया गया कि जो लोग अस्पताल में किसी बीमारी या चोट लगने के कारण भर्ती होते हैं, उनमें से चालीस प्रतिशत लोग खर्चों का भुगतान करने के लिए पैसे उधार लेते हैं या अपनी कुछ संपत्ति बेचते हैं।

In fact, barely 20 per cent of the population can afford all the medicines that they require during an illness. Hence, even for those whom one might not think as being poor, medical expenses cause hardship. It was reported in a study that 40 per cent of people who are admitted to a hospital for some illness or injury have to borrow money or sell some of their possessions to pay for the expenses.



*इस गर्भवती औरत को एक योग्य डॉक्टर को दिखाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है।*

*This pregnant lady has to travel many kilometres to see a qualified doctor.*

गरीब लोगों के लिए परिवार में हर बीमारी चिंता और मुसीबत का कारण बन जाती है। इससे भी बड़ी बात यह है कि ऐसी स्थिति बार-बार आती है। गरीब लोग पहले ही पोषण की कमी का शिकार होते हैं। ये परिवार उतना भोजन नहीं खाते, जितना इन्हें खाना चाहिए। उन्हें जीवन की आधारभूत आवश्यकताएँ जैसे पीने का पानी, घर के लिए पर्याप्त जगह, साफ़ वातावरण तक उपलब्ध नहीं हो पाता है और इसलिए उनके बीमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। बीमारी पर होने वाले खर्चे से उनकी हालत और खराब हो जाती है।

For those who are poor, every illness in the family is a cause of great anxiety and distress. What is worse is that this situation tends to happen again and again. Those who are poor are in the first place undernourished. These families are not eating as much as they should. They are not provided basic necessities like drinking water, adequate housing, clean surroundings, etc., and therefore, are more likely to fall ill. The expenses on illness make their situation even worse.



*ग्रामीण इलाकों में अकसर एक जीप ही मरीज़ों के लिए चलता-फिरता दवाखाना बन के आती है।*

*In rural areas, a jeep is often used to serve as a mobile clinic for patients.*

कभी-कभी केवल पैसा ही लोगों के बेहतर इलाज में बाधक नहीं होता। उदाहरण के लिए, महिलाओं को तुरंत इलाज के लिए डॉक्टर के पास नहीं ले जाया जाता है। कई आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र कम हैं और वे भी अच्छी तरह नहीं चलाए जाते हैं। वहाँ निजी स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध नहीं हैं।


Sometimes it is not only the lack of money that prevents people from getting proper medical treatment. Women, for example, are not taken to a doctor in a prompt manner. Women's health concerns are considered to be less important than the health of men in the family. Many tribal areas have few health centres and they do not run properly. Even private health services are not available.


## क्या किया जा सकता है?

इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश में लोगों के स्वास्थ्य की दशा अच्छी नहीं है। यह सरकार का उत्तरदायित्व है कि वह अपने सब नागरिकों को, विशेषकर गरीबों और सुविधाहीनों को, गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करे। फिर भी लोगों का स्वास्थ्य, जितना जीवन की आधारभूत सुविधाओं पर और उनकी सामाजिक स्थिति पर निर्भर है, उतना ही स्वास्थ्य सेवाओं के ऊपर भी। इसलिए लोगों के स्वास्थ्य की दशा सुधारने के लिए दोनों पक्षों पर कार्य करना आवश्यक है। ऐसा करना संभव है। अगले पृष्ठ पर दिए गए उदाहरण देखिए–

## What can be done?

There is little doubt that the health situation of most people in our country is not good. It is the responsibility of the government to provide quality healthcare services to all its citizens, especially the poor and the disadvantaged. However, health is as much dependent on basic amenities and social conditions of the people, as it is on healthcare services. Hence, it is important to work on both in order to improve the health situation of our people. And this can be done. Look at the following example–






*The above map of India shows the state of Kerala in pink.*

*Page 123 of this book has a map of India. Using your pencil outline the state of Kerala on this map.*

ऊपर दिए गए भारत के नक्शे में केरल राज्य को गुलाबी रंग से दिखाया गया है।

इस पुस्तक के पृष्ठ 111 पर भारत का नक्शा दिया गया है। इस नक्शे पर अपनी पेंसिल से केरल राज्य की आकृति बनाइए।

## केरल का अनुभव

1996 में केरल सरकार ने राज्य में कुछ महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए। राज्य के पूरे बजट का 40 प्रतिशत पंचायतों को दे दिया गया। इससे पंचायतें अपनी आवश्यकताओं को योजनाबद्ध कर उनकी पूर्ति कर सकती थीं। इससे गाँव के लिए पीने का पानी, आहार, औरतों के विकास और शिक्षा आदि के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना संभव हो सका। इसके फलस्वरूप जल वितरण व्यवस्था की जाँच की गई, स्कूलों और आगनवाड़ियों के काम को सुनिश्चित किया गया और गाँव की विशेष समस्याओं पर ध्यान दिया गया। स्वास्थ्य केंद्रों में भी सुधार किया गया। इन सब कार्यों से स्थिति में सुधार आया। इतने प्रयत्नों के बाद भी कुछ समस्याएँ तो बनी रहीं, जैसे-दवाइयों की कमी, अस्पतालों में अपर्याप्त बिस्तर, पर्याप्त डॉक्टरों का न होना, आदि। इन समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है। अधिक जानकारी के लिए, लॉग ऑन करें- http://lsgkerala.gov.in/en

आइए, अब एक अन्य देश का उदाहरण देखें और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर उनकी कार्यपद्धति को जानें।

## The Kerala experience

In 1996, the Kerala government made some major changes in the state. Forty per cent of the entire state budget was given to panchayats. They could plan and provide for their requirements. This made it possible for a village to make sure that proper planning was done for water, food, women's development and education. This meant that water supply schemes were checked, the working of schools and *anganwadis* was ensured and specific problems of the village were taken up. Health centres were also improved. All of this helped to improve the situation. Despite these efforts, however, some problems – such as shortage of medicines, insufficient hospital beds, not enough doctors – remained, and these needed to be addressed.

Let us look at an example of another country and its approach to issues of health.


## कोस्टारिका का तरीका


कोस्टारिका को मध्य अमेरिका का सबसे स्वस्थ देश माना जाता है। इसका मुख्य कारण उनके संविधान में निहित है। कई वर्षों पहले कोस्टारिका ने एक बहुत महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया था कि वे देश में सेना नहीं रखेंगे। इससे उन्हें सेना पर व्यय किए जाने वाले धन को लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत ज़रूरतों पर खर्च करने में मदद मिली। कोस्टारिका की सरकार मानती है कि देश के विकास के लिए देश का स्वस्थ होना ज़रूरी है और इसलिए अपने देशवासियों के स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देती है। कोस्टारिका की सरकार अपने सभी निवासियों को स्वास्थ्य के लिए मूलभूत सेवाएँ व सुविधाएँ देती है, जैसे-पीने का सुरक्षित पानी, सफ़ाई, पोषण और आवास। स्वास्थ्य की शिक्षा को बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है और सभी स्तरों पर 'स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान', शिक्षा का एक ज़रूरी भाग है।


## The Costa Rican approach

Costa Rica is considered to be one of the healthiest countries in South America. The main reason for this can be found in the Costa Rican Constitution. Several years ago, Costa Rica took a very important decision and decided not to have an army. This helped the Costa Rican government to spend the money that the army would have used, on health, education and other basic needs of the people. The Costa Rican government believes that a country has to be healthy for its development and pays a lot of attention to the health of its people. The Costa Rican government provides basic services and amenities to all Costa Ricans. For example, it provides safe drinking water, sanitation, nutrition and housing. Health education is also considered very important and knowledge about health is an essential part of education at all levels.

BJP




BJP
R.R
RRR
SLR
Bud.


सरकार
जनता
Democry

## अभ्यास

1. इस अध्याय में आपने पढ़ा है कि स्वास्थ्य में सिर्फ़ बीमारी की बात नहीं की जा सकती है। संविधान से लिए गए एक अंश को यहाँ पढ़िए और अपने शब्दों में समझाइए कि 'जीवन का स्तर' और 'सार्वजनिक स्वास्थ्य' के क्या मायने होंगे।
2. सबके लिए स्वास्थ्य की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार कौन-कौन से कदम उठा सकती है? चर्चा कीजिए।
3. आपको, अपने इलाके में उपलब्ध सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवाओं में क्या-क्या अंतर देखने को मिलते हैं? नीचे दी गई तालिका को भरते हुए, इनकी तुलना कीजिए और अंतर बताइए।

## EXERCISES

1. In this chapter you have read that health is a wider concept than illness. Look at this quote from the Constitution and explain the terms 'living standard' and 'public health' in your own words.
2. What are the different ways through which the government can take steps to provide healthcare for all? Discuss.
3. What differences do you find between private and public health services in your area? Use the following table to compare and contrast these.

| सुविधा | सामर्थ्य | उपलब्धता | गुणवत्ता |
|---|---|---|---|
| निजी | | | |
| सार्वजनिक | | | |

| Facility | Affordability | Availability | Quality |
|---|---|---|---|
| Private | | | |
| Public | | | |

संविधान का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा यह कहता है कि "पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्तव्य" है।

An important part of the Constitution says it is the "duty of the State to raise the level of nutrition and the standard of living and to improve public health."

4. पानी और साफ़-सफ़ाई की गुणवत्ता को सुधार कर अनेकों बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

4. 'Improvement in water and sanitation can control many diseases.' Explain with the help of examples.

## शब्द-संकलन

**सार्वजनिक** – वह सेवा या कार्य, जो देश के सब लोगों के लिए है और मुख्य रूप से सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें स्कूल, अस्पताल, टेलीफोन सेवाएँ आदि शामिल हैं। लोग इन सेवाओं की माँग कर सकते हैं और यदि संस्थाएँ ठीक से काम नहीं करतीं हैं, तो इन पर सवाल उठा सकते हैं।

**निजी** – वह सेवा या कार्य, जो किसी व्यक्ति या कंपनी द्वारा अपने मुनाफ़े के लिए आयोजित किया जाए।

**चिकित्सा पर्यटक** – ये वे विदेशी पर्यटक हैं, जो इस देश के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए विशेष रूप से यहाँ आते हैं, जहाँ उन्हें अपने देश की तुलना में बहुत कम मूल्य पर विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती हैं।

**संचारणीय बीमारियाँ** – ये वे बीमारियाँ हैं, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को कई माध्यमों से संचारित हो जाती हैं, जैसे-पानी, भोजन, हवा इत्यादि।

**ओ पी डी** – यह 'आउट पेशेंट डिपार्टमेंट' या 'बाह्य रोगी विभाग' का संक्षिप्त रूप है। अस्पताल में किसी विशेष वार्ड में भर्ती होने से पहले रोगी ओ पी डी में जाते हैं।

**नैतिक-आचार** – किसी व्यक्ति के व्यवहार को प्रभावित करने वाले नैतिक सिद्धांत।

**जेनेरिक नाम** – दवाइयों के रसायनिक नाम। वे दवाइयों में प्रयुक्त सामग्रियों की पहचान करने में मदद करते हैं। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। उदाहरण के लिए, एसिटाइल सालिसैलिक एसिड एस्पिरिन का जेनेरिक नाम है।

## Glossary

**Public:** An activity or service that is meant for all people in the country and is mainly organised by the government. This includes schools, hospitals, telephone services, etc. People can demand these services and also raise questions about their non-functioning.

**Private:** An activity or service that is organised by an individual or company for their own gain.

**Medical tourists:** This refers to foreigners who come to this country specifically for medical treatment at hospitals that offer world-class facilities at a lower cost than what they would have to pay in their own countries.


**Communicable diseases:** These are diseases that are spread from one person to another in many ways such as through water, food , air, etc.

**OPD:** This is the short form for 'Out Patient Department'. This is where people are first brought in and treated in a hospital without being admitted to any special ward.

**Ethics:** Moral principles that influence a person's behaviour

**Generic names:** These are chemical names of the drugs. They help in identifying the ingredients. They are globally recognised. For example, acetyl salicylic acid is the generic name of Aspirin.

# धन्यवाद


गाँव
शहर
सूचना
Information
समझ
Understanding

प्रशासन Administrative - कार्य

समझ understanding

\+

Information सूचना

Fact


⇒ ज्ञान Knowledge

उत्तर

Q

Q

ज्ञान


UPSC
PCS
क्यो why
Motivate ?
उद्देश्य
समस्याओं
Problem
आज